RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 242 | नागौर, 06 अगस्त, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# काले कपड़ों में संसद से लेकर राष्ट्रपति भवन तक कांग्रेस का हल्लाबोल

# महंगाई पर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन

## राहुल के बाद प्रियंका को भी लिया हिरासत में

नयी दिल्ली।

कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने के लिए संसद से लेकर सड़क तक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। ऐसे में संसद परिसर में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्षा सोनिया गांधी के नेतृत्व में पार्टी सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान तमाम कांग्रेसी सांसद काले कपड़ों में दिखाई दिए।

कांग्रेस सांसदों के विरोध प्रदर्शन का वीडियो सामने आया। जिसमें कांग्रेस सांसद %जीएसटी वापस लो, वापस लो% के नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने ट्वीट किया कि महंगाई के खिलाफ आवाज़ उठाने...आओ मिलकर साथ चलें। संसद से सड़क तक...भाजपाई नाकामी के खिलाफ।

इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने संसद से लेकर राष्टपति भवन तक विरोध मार्च निकाला। इस मार्च में राहुल गांधी ने भी हिस्सा लिया। इसी बीच कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि हम राष्टपति भवन तक मार्च करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन पुलिस ने हमें रोक दिया। उनका कहना है कि धारा 144 सीआरपीसी लगाई गई है और वे हमें विरोध करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। सभी सांसद खुद को गिरफ्तारी के लिए पेश करेंगे। हम आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। हम लोगों के मुद्दों के लिए लड़ रहे हैं।

कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम ने कहा कि यह विरोध महंगाई और अग्निपथ को लेकर है। मूल्य वृद्धि सभी को प्रभावित करती है। एक राजनीतिक दल के रूप में और निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में हम लोगों के बोझ और भय की शिकायतों को आवाज देने के लिए बाध्य हैं। हम यही कर रहे हैं।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि आज लोग महंगाई से कुचले जा रहे हैं, देश में संकट है। लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता है।





## हिटलर भी चुनाव जीतकर आया था : राहुल गांधी

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। देशभर में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन से पहले राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी प्रॉब्लम ये है कि मैं सच्चाई बोलता हूं। डरता नहीं हूं। मैं अपना काम करूंगा। लोकतंत्र के लिए खड़े होने का काम करूंगा। महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा उठाता रहूंगा। मेरे ऊपर और आक्रमण होंगे। जो धमकाता है वो डरता है। ये बात आप समझ लीजिए। ये किससे डरते हैं, जो आज हिन्दुस्तान की हालत है उससे डरते हैं। जो वादें उन्होंने किए थे और पूरे नहीं किए उससे डरते हैं। क्यों डरते हैं क्योंकि 24 घंटे झूठ बोलते हैं। महंगाई नहीं है, चीन नहीं आया। मोदी सरकार पर वार करते-




करते राहुल गांधी ने जर्मन तानाशाह हिटलर का भी जिक्र कर दिया। उन्होंने कहा कि हिटलर भी चुनाव जीतकर आया था। हिटलर कैसे चुनाव जीतता था? उसके पास सारी संस्थान उसके हाथ में थी। उसके पास पूरा ढ़ांचा था। मुझे पूरा ढांचा दे दो फिर मैं दिखाऊंगा चुनाव कैसे जीता जाता है।

## हम प्रधानमंत्री आवास तक चल कर महंगाई दिखाना चाहते हैं : प्रियंका



कांग्रेस शुक्रवार को देश भर में महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। प्रदर्शन कर रही प्रियंका गांधी वाड्रा को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए जाने के बाद उन्हें वैन में बिठा दिया गया। वैन में बैठने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा, इन्हें महंगाई नहीं दिख रही है तो हम प्रधानमंत्री आवास तक चल कर महंगाई दिखाना चाहते हैं और गैस का सिलेंडर दिखाना चाहते हैं।

### हम एक मकसद से यहां हैं-प्रियंका

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित कुल 64 सांसदों और पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रियंका गांधी ने महंगाई के मसले पर केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा, सरकार को यह लगता है कि इनके खिलाफ विपक्ष कुछ कहता है तो यह दबा सकते हैं और हम इनके दबाव में आकर चुपचाप समझौता करने बैठ जाएंगे, हम एक मकसद से यहां हैं। इनके मंत्री कह रहे हैं कि, इन्हें महंगाई नहीं दिख रही, तो हम प्रधानमंत्री आवास तक चल कर महंगाई दिखाना चाहते हैं।

### आम जनता तरस रही है, क्या यह ठीक है?

गैस आज कोई खरीद नहीं पा रहा है, महंगाई से गरीब और मध्यमवर्गीय लोग सब परेशान हैं और कोई कुछ ना बोले। मोदी जी ने पूरे देश की संपत्ति अपने दोस्तों को दे दी है, उन पर कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो चार लोग अमीर हो गए हैं, उनके महल बड़े हुए। लेकिन आम जनता तरस रही है, क्या यह ठीक है?

### पूरे इलाके में धारा 144 लागू

दिल्ली में देश के प्रदर्शन के अलावा देश भर के अलग-अलग राज्यों में प्रदर्शन हुआ और राज भवनों का घेराव भी किया गया है। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने पूरे इलाके में धारा 144 लगा रखी है और जिन कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया या इकट्ठा होने की कोशिश की उन्हें हिरासत में ले लिया है।

## प्रदेश में भी महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन, पायलट हिरासत में

## मंत्री बोले-लाठी का जवाब लाठी से देंगे

जयपुर.

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस राजस्थान में बड़ा विरोध प्रदर्शन कर रही है। अलग-अलग जिलों में नेताओं ने नए-नए तरीकों से विरोध जताया। राजस्थान से बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में भी शामिल होने पहुंचे। यहां कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी अजय माकन, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में ले लिया गया है। जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ कई मंत्रियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ सिविल लाइंस में धरना दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि लाठी का जवाब लाठी होगी। राजस्थान में शुक्रवार को जयपुर, उदयपुर, सीकर, अजमेर सहित कई जिलों में प्रदर्शन हुए हैं। कई स्थानों पर पुलिस के साथ हल्की धक्का-मुक्की भी हुई है। उदयपुर में कलक्ट्रेट पर कांग्रेस के जबरदस्त प्रदर्शन के बीच पुलिस के साथ नेताओं की धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस कांग्रेसी नेताओं को बसों में भरकर ले गई। सबसे पहले सुबह करीब 11 बजे देहात जिलाध्यक्ष लालसिंह झाला को हिरासत में लिया गया। उसके बाद दूसरे नेताओं को हिरासत में लेकर कलक्ट्रेट से 2 किलोमीटर दूर यूआईटी सर्किल और आसपास के इलाकों में छोड़ दिया गया। इससे पहले नेताओं ने कलक्ट्रेट के बाहर एकत्रित होकर जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेसियों को रोकने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। कांग्रेस की कई कांग्रेस महिला नेता भी सड़क पर लेट गईं। इन्हें पुलिस को उठाकर ले जाना पड़ा।




## हेराल्ड केस में सभी नेताओं ने वोरा का नाम लिया

### कहा- वित्तीय फैसले मोतीलाल वोरा लेते थे, लेकिन इसका सबूत नहीं दे सके

नई दिल्ली.

नेशनल हेराल्ड केस में सभी कांग्रेस नेताओं ने वित्तीय लेनदेन की जानकारी से अपना पल्ला झाड़ लिया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन बंसल तक ने कहा कि लेनदेन से जुड़ा हर फैसला मोतीलाल वोरा लेते थे। हालांकि, वे इसका सबूत नहीं दे सके।

**जांच में ईडी को कई फर्जी कंपनियां मिलीं**-कांग्रेस नेता मल्लिार्जुन खड़गे यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एक मात्र कर्मचारी हैं। ऐसे में ईडी के पास पूछताछ के लिए खड़गे को बुलाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। सूत्रों के मुताबिक मामले की जांच के दौरान ईडी को कई फर्जी कंपनियां मिलीं। जिनसे यंग इंडिया का लेनदेन होता था। ईडी को कंपनी के 90 करोड़ की लेनदेन पर शक है।

**खड़गे से ईडी ने 8 घंटे पूछताछ की**-प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से 8 घंटे पूछताछ की थी। जांच एजेंसी ने उनसे यंग इंडिया के ऑफिस में ही पूछताछ की। पूछताछ दोपहर करीब 12:30 बजे शुरू हुई।

इस दौरान ऑफिस की तलाशी भी ली गई। खड़गे 8 घंटे बाद रात करीब 8:30 बजे दफ्तर से बाहर निकले। इधर, ईडी के समन पर राज्यसभा में भी विपक्ष के नेता खड़गे ने गुरुवार को ही सवाल उठाया था। उन्होंने पूछा था कि क्या संसद की कार्यवाही के दौरान बुलाना सही है?

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़; एक आर्मी जवान और सिविलियन घायल

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच शुक्रवार दोपहर 12 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ कुलदाम के रेडवानी इलाके में चल रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, एनकाउंटर के दौरान एक आर्मी जवान और एक सिविलियन घायल हुए हैं।


सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। पुलिस के मुताबिक, इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली, जिसके बाद ये ऑपरेशन चलाया गया। इससे पहले गुरुवार रात पुलवामा के गदूरा इलाके में आतंकियों ने मजदूरों पर ग्रेनेड फेंका। इस घटना में बिहार के रहने वाले एक मजदूर की मौत हो गई और दो घायल हो गए। इधर, जम्मू-कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा है कि पिछले 3 साल में पुलिस सुरक्षा बल की फायरिंग में किसी भी नागरिक की मौत नहीं हुई है। मुठभेड़ स्थल पर पथराव की घटनाएं भी बंद हो गई हैं, इससे अच्छा माहौल बन रहा है।

## लोन की ईएमआई फिर से बढ़ेंगी

### आरबीआई ने रेपो दरों में की 0.5% की बढ़ोतरी

मुंबई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को खुदरा महंगाई को काबू में लाने के लिये नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया। इससे कर्ज की मासिक किस्त बढ़ेगी। साथ ही मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देने का भी निर्णय किया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, ''एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत करने का निर्णय किया है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऊंची मुद्रास्फीति से जूझ रही है और इसे नियंत्रण में लाना जरूरी है। दास ने कहा, '' मौद्रिक नीति समिति ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये नरम नीतिगत रुख को वापस लेने पर ध्यान देने का भी फैसला किया है।'' आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिये आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने खुदरा महंगाई दर चालू वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा है।




### आरबीआई गवर्नर ने क्या कहा?

- रेपो रेट में 0.50% बढ़ाने का फैसला
- फाईनेंसल ईयर 23 रियल जीडीपी ग्रोथ अनुमान 7.2% पर बरकरार
- सप्लाई बढ़ने से खाने के तेल की कीमतों में कमी
- फाईनेंसल ईयर 23 में महंगाई दर 6.7% संभव
- करेंट अकाउंट डेफिसिट चिंता की बात नहीं
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगाई का असर
- ग्लोबल स्तर पर महंगाई चिंता का विषय
- एमएसएफ 5.15% से बढ़ाकर 5.65% की
- एमपीएस बैठक में अकोमोडेटिव रुख वापस लेने पर फोकस
- अप्रैल के मुकाबले महंगाई में कमी आई
- शहरी मांग में सुधार देखने को मिल रहा है
- बैंकों की क्रेडिट ग्रोथ में सालाना 14% की बढ़ोतरी
- बेहतर मानसून से ग्रामीण मांग में बढ़ोतरी संभव

## संजय राउत ने विपक्षी दलों के नेताओं को लिखा पत्र, बोले- बाला साहब ने हमें सिखाया है, रोओ नहीं, जो सही है उसके लिए लड़ो

नई दिल्ली

पात्रा चॉल घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में रह रहे शिवसेना सांसद संजय राउत ने विपक्षी दलों के नेताओं को एक चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी के जरिए उन्होंने विपक्ष के नेताओं का आभार जताया है। अपने चिट्ठी में उन्होंने लिखा है कि ऐसा कहा जाता है कि सबसे कठिन समय में आपको यह आभास होता है कि आपका विश्वसनीय कौन हैं। जब केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से केंद्र सरकार मेरे खिलाफ पॉलिटिकल विच हंट चलाने का काम कर रही है, उस समय आप लोगों ने मुझे भारी समर्थन दिया है। इसके लिए मैं आभारी हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। मैं किसी के दबाव में झुकने वाला नहीं हूं और ना ही लड़ाई को लेकर अपने संकल्प को तोड़ूंगा।



शिवसेना नेता संजय राउत ने आगे लिखा है कि हिंदू हृदय सम्राट श्री बाला साहब ठाकरे जी ने हमें सिखाया है कि रोओ नहीं, जो सही है उसके लिए लड़ो। लइसके साथ ही शिवसेना के वरिष्ठ नेता ने आगे लिखा कि मैं इस अवसर पर आपके शब्दों, आपके कार्यों और आपके विचारों के माध्यम से मुझे समर्थन देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मेरे पार्टी के सहयोगियों के साथ-साथ संसद के अंदर और बाहर इस मुद्दे को उठाने के लिए दिखाई गई एकजुटता का भी धन्यवाद देता हूं।

## सम्पादकीय

# कसौटी पर मुफ्त

किसी भी देश का लोकतंत्र तभी मजबूत बना रह सकता है जब वहां होने वाले चुनाव निष्पक्ष व स्वतंत्र हो और राजनीतिक दलों की ओर से लोगों का मत हासिल करने के लिए लोभ-लाभ का सहारा न लिया जाता हो। लेकिन हमारे देश में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, अमूमन सभी दलों की ओर से अपने उम्मीदवारों की जीत को सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के सामने कई तरह के ऐसे दावे और वादे किए जाते हैं, जो कभी पूरे नहीं होते। इस क्रम में पिछले कुछ समय से इस बात पर सवाल उठने लगे हैं कि चुनावों के दौरान अपने पक्ष में प्रचार करते हुए कई नेता जिस तरह आम लोगों को कोई सामान या सेवा मुफ्त मुहैया कराने का बढ़-चढ़ कर वादा करते हैं, क्या वह एक तरह से लोभ और लाभ के बदले वोट पाने की कोशिश नहीं होती है! जबकि मतदाताओं का वोट पूरी तरह से सरकारों के कामकाज और जनता के पक्ष में उसके रवैये के आकलन और विवेक पर आधारित होना चाहिए, ताकि सभी स्तरों पर सत्ता से लेकर जमीनी स्तर तक लोकतांत्रिक अवधारणा को मजबूती मिले। इस मसले पर लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीति को लेकर फिक्रमंद लोगों और समूहों की ओर से लगातार चिंता जताई जाती रही है और कई सवाल उठाए गए हैं। अच्छा यह है कि वोट के लिए मुफ्त चीजों या सेवाओं का सवाल अब सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दायरे में है। इससे संबंधित याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान मुफ्त के वादे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था। अब बुधवार को अदालत ने इस मामले में विशेषज्ञ समिति के गठन का संकेत दिया, जो चुनावों के मद्देनजर मुफ्त उपहार के संदर्भ में सुझाव पेश करे।

हालांकि इस संबंध में अदालत की यह टिप्पणी अहम है कि कोई भी राजनीतिक पार्टी इस बारे में बात नहीं करती है, क्योंकि सभी जनता को मुफ्त उपहार का प्रस्ताव देना चाहते हैं। क्या यह एक तरह से मतदाताओं की राय या मत को कीमत देकर खरीदने लायक समझा जाना नहीं है? अगर चुनाव बाद कोई चीज या सेवा मुफ्त में लोगों को मुहैया कराई जाती है, उस मद में होने वाले खर्च का बोझ आखिरकार किस पर पड़ता है? इस मसले पर केंद्र सरकार की ओर से सालिसिटर जनरल ने एक अहम पहलू का उल्लेख किया है कि लोकलुभावन मुफ्त उपहार बांटने का वादा या बांटा जाना मतदाताओं को प्रभावित करता है और अगर इसे नियमों का दायरे में नहीं लाया गया तो इससे देश की आर्थिक स्थिति बदतर हो सकती है। यह छिपा नहीं है कि चुनावों में अपने उम्मीदवारों की जीत तय करने के लिए किए जाने वाले प्रचार अब विकास और विचार के स्तर पर देश या समाज को समृद्ध करने की बातों के बजाय लोगों को कोई वाहन या लैपटाप या अन्य सामान देने या बिजली-पानी जैसी सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने के वादों में तब्दील होते जा रहे हैं। जबकि किसी भी देश या क्षेत्र का समग्र और समावेशी विकास जनता को इस रूप में सशक्त करता है, जहां लोगों को कोई सेवा या सामान मुफ्त में लेने की जरूरत नहीं महसूस होती। मसलन, अगर सबके लिए रोजगार या फिर पर्याप्त आर्थिक आमदनी का जरिया सुनिश्चित कर दिया जाए तो किसी भी व्यक्ति को अपनी जरूरत के किसी सामान या बिजली-पानी जैसी सेवाओं के लिए कीमत चुकाने में क्या असुविधा होगी! लेकिन बुनियादी समस्याओं का कोई ठोस हल निकालने के बजाय तात्कालिक और अस्थायी राहतों के जरिए जनता को उलझाए रखने का प्रयास किया जाता है।

# बेकाबू रफ्तार और बढ़ते हादसे

**रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में विभिन्न कारणों से होने वाली मौतों में सड़क दुर्घटनाएं आठवां प्रमुख कारण हैं। इसी तरह कम आय वाले देशों में उच्च आय वाले देशों की तुलना में दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर तीन गुना अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह रिपोर्ट बताती है कि विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में सड़क हादसों में मरने वालों की तादाद काफी ज्यादा है। आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों के मुकाबले शीर्ष पर है। ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट आन रोड सेफ्टी (जीएसआरआरएस) ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पांच कारकों की पहचान की है, जिनमें तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, दुपहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग नहीं करना, सीट बेल्ट न बांधना और सुरक्षा उपायों के बिना बच्चों के साथ यात्रा करना आदि शामिल है। बहुत कम ऐसे देश हैं जहां उपर्युक्त सभी सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन किया जाता है। भारत भी दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां न केवल कानून का उल्लंघन किया जाता, बल्कि इसका पालन करवाने में भी उदासीनता बरती जाती है।**

**जब** तक प्रौद्योगिकी के उपयोग, जागरूकता, कानून के सख्त कार्यान्वयन और आपातकालीन सुरक्षा उपायों जैसे कदमों को मजबूत नहीं किया जाता, तब तक इस संबंध में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आ सकते। सुरक्षित यात्रा तभी संभव होगी जब सरकारों और नागरिक समाज के समन्वित प्रयासों से सड़क सुरक्षा एक सामाजिक जिम्मेदारी में बदल जाए। देश में निरंतर सड़कों का जाल फैल रहा है। सरकार की कोशिश है कि जल्द से जल्द भारतीय सड़कें अमेरिका जैसी बना दी जाएं। मगर इस बीच सड़कों पर होने वाले हादसे के आंकड़ों ने सुरक्षा संबंधी चिंता बढ़ा दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2020 में सड़क दुर्घटना की वजह से एक लाख इकतीस हजार सात सौ चौदह लोगों की मौत हो गई। इनमें से 69.3 फीसद यानी इक्यानबे हजार दो सौ उनतीस मौतें तेज रफ्तार, 30.1 फीसद यानी उनतालीस हजार सात सौ अट्ठानबे मौतें हेलमेट न पहनने और 11.5 फीसद यानी छब्बीस हजार आठ सौ छियानबे मौतें कार चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने से हुईं। सड़क हादसों की संख्या तब और भयावह लगती है जब यह तथ्य सामने आता है कि इनमें मरने वालों में बासठ फीसद की आयु 18-35 वर्ष है। यानी हादसे का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में दुनिया का एक फीसद वाहन हैं, पर वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्वभर में होने वाली मौतों में ग्यारह फीसद भारत में होती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सालाना करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है। देश में हर घंटे तिरपन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है। भारत में पिछले दस सालों में सड़क हादसों में करीब तेरह लाख लोगों की मौत हुई और पचास लाख से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ा झटका माना जा सकता है। सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं से पार पाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बहुपक्षीय रवैया निर्धारित किया है, जिसमें '4 ई' पर मुख्य जोर है- एजुकेशन (शिक्षा), एनफोर्समेंट (प्रवर्तन), इंजीनियरिंग और इमरजेंसी। ये सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बेहतर नियामक सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने, सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार और प्लेटिनम/ गोल्डन आवर (30/60 मिनट) में सड़क दुर्घटना के पीड़ित को मदद मुहैया कराने से संबंधित हैं। चिंता की बात है कि भारत में सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। सड़क दुर्घटनाओं के लिए सरकार और खराब सड़कों को दोष देना तो आसान है, मगर लोग इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से साफ बच निकलते हैं। सड़क हादसों में जहां लाखों परिवारों को अपनों को खोना पड़ता है, वहीं हादसे के पीड़ित और उसके परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। गौरतलब है कि भारत विश्व के उन चुनिंदा देशों में है, जहां के श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम, महज सत्ताईस फीसद है, जहां अधिकांश महिलाएं सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों से बाहर हैं। इसका अर्थ यह है कि वे पुरुषों की तुलना में



बाहर कम निकलती हैं, अपेक्षाकृत कम दूरी की यात्राएं करती और सड़क सुरक्षा से जुड़े खतरों का जोखिम भी कम उठाती हैं। मगर जब कोई सड़क हादसा होता है, तो इसका प्रभाव महिलाओं और पुरुषों पर अलग-अलग तरह से पड़ता है। अध्ययन बताते हैं कि समान गंभीरता वाले सड़क हादसों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के घायल होने और मारे जाने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। चोटिल होने पर उनके उपचार और दुर्घटना संबंधी समुचित देखभाल मिलने की संभावना कम होती है, क्योंकि उनके पास स्वास्थ्य बीमा की सुविधा नहीं होती। महिलाओं के पास स्थायी रूप से आर्थिक मजबूती के अन्य साधन भी कम होते हैं। सड़क सुरक्षा के मामले में भारत जैसे देशों की स्थिति दयनीय है। जैसे-जैसे तेज रफ्तार गाड़ियां सड़कों पर आ रही हैं, दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर जितनी चिंता की जाती है, उतने ही सवाल भी हैं। सड़क सुरक्षा पर बार-बार सवाल उठते हैं, तो परिवहन नियमों में बदलाव की बात होने लगती है। सड़क हादसों में सिर्फ मौत नहीं होती, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान भी होता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं के चलते 5.96 लाख करोड़ रुपए यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.14 फीसद के बराबर नुकसान होता है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार अगर देश की सड़कें सुरक्षित हो जाएं और एक भी दुर्घटना न हो, तो भारत का जीडीपी दहाई के अंक को छू लेगा। इतना ही नहीं, विश्व बैंक के नेतृत्व में 'ग्लोबल रोड सेफ्टी फैसिलिटी' द्वारा किए गए एक हालिया अध्ययन में यह सामने आया है कि सुरक्षित सड़कों के लाभकारी प्रभाव हो सकते हैं। अगर आने वाले चौबीस सालों में सड़क दुर्घटनाओं में मरने और घायल होने वालों की संख्या में पचास फीसद की कमी आती है तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद में चौदह फीसद का इजाफा हो सकता है। इसलिए हमें समझना होगा कि सड़क हादसे देश की अर्थव्यवस्था को ही विकलांग बना देते हैं। हालांकि केंद्रीय सड़क परिवहन विभाग ने दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को 2024 तक आधा करने का लक्ष्य रखा है। इससे पहले भारत ने 2015 में ब्राजील में आयोजित सड़क सुरक्षा सम्मेलन में 2030 तक इन मौतों को आधा करने के लक्ष्य पर हस्ताक्षर किए थे। बहरहाल, जो तथ्य सामने आए हैं उन्हें लेकर हमें चिंतित होने से ज्यादा जागरूक होना चाहिए और उसी दिशा में सुधार किया जाना चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष

आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### वृषभ

आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

### मिथुन

नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

### कर्क

नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

### सिंह

आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

### कन्या

आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

### तुला

आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

### धनु

आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

### मकर

आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

### कुंभ

रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता रह सकती है।

## व्यापार समाचार

# ओमेगा सेकी का ग्रामीण बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के लिए एग्री जंक्शन से करार

मुंबई।

इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने इस वित्त वर्ष के अंत तक देश के ग्रामीण बाजारों में 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की बिक्री के लिए शुक्रवार को एग्री जंक्शन के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पहले चरण में इन इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों को दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों में उतारा जाएगा। फरीदाबाद स्थित कंपनी ओएसएम इलेक्ट्रिक तिपहिया के अलावा हल्के वाणिज्यिक वाहन भी बनाती है।

वह अपने तिपहिया मॉडलों श्रृंखला प्लस और स्ट्रीम के अलावा इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन मोपेडो, स्ट्रीम सिटी और ड्रोन एवं ट्रैक्टर भी ग्रामीण बाजारों में मांग को देखते हुए लेकर आएगी। कृषि उत्पादों का डिजिटल बाजार मंच एग्री जंक्शन ओएसएम के वाहनों को अपनी वेबसाइट पर सूचीबद्ध करने के साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) का ढांचा तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कर्ज भी मुहैया कराएगा।

दूसरी तरफ ओएसएम ईवी मुहैया कराने के साथ चार्जिंग संरचना खड़ा करने और ग्रामीण बाजारों के लिए खासतौर पर नए उत्पाद पेश करने के लिए एक शोध एवं विकास टीम भी मुस्तैद करेगी। ओएसएम के संस्थापक एवं चेयरमैन उदय नारंग ने कहा, ''कंपनी दक्षिण कोरिया एवं थाइलैंड स्थित अपने शोध एवं विकास केंद्रों पर अपने इलेक्ट्रिक ट्रैक्टरों का परीक्षण कर रही है। वर्ष 2022-23 के अंत तक हम दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों के लिए सर्विस एवं पट्टा पर देने की नई संकल्पना भी लेकर आएंगे।''






# अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति में विकसित देश भारत से पीछे : सरकार

नई दिल्ली।



केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विकसित देश भारत से पीछे हैं क्योंकि सरकार पर्यावरण की चिंता के साथ ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रही है। विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने लोकसभा में 'ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022' को चर्चा एवं पारित करने के लिए रखते हुए यह बात कही जिसमें कम से कम 100 किलोवाट के विद्युत कनेक्शन वाली इमारतों के लिये नवीकरणीय स्रोत से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का प्रावधान किया गया है।

सिंह ने कहा कि सभी देश जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम करना चाहते हैं जिसके फलस्वरूप नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की दिशा में अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि पेरिस में हुए संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप 21) में भारत ने तय किया था कि 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा जैसे गैर-जीवाश्म ईंधन वाले स्रोतों से पूरा किया जाएगा और इस लक्ष्य को देश ने नवंबर 2021 में ही प्राप्त कर लिया। उन्होंने कहा ऐसे लक्ष्य की प्राप्ति में बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विकसित देश भारत से पीछे हैं। सिंह ने कहा कि इसका एक कारण है पर्यावरण की चिंता और दूसरा कारण है देश को आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य। उन्होंने कहा, '' हमें पेट्रोलियम, कोकिंग कोल जैसी चीजों के विदेशों से आयात पर निर्भरता समाप्त करनी है।'' उन्होंने कहा कि सरकार विद्युत चालित वाहनों की चार्जिंग भी अक्षय ऊर्जा से करने को प्रोत्साहित कर रही है। सिंह ने कहा कि इस विधेयक में आधुनिक ऊर्जा क्षमता के प्रावधान वाले प्रस्ताव हैं। इसमें बड़ी इमारतों के लिए हरित तथा टिकाऊ विद्युत उपयोग वाले मानक बनाये जाएंगे जिन्हें राज्य सरकार बदल सकती है।

उन्होंने कहा कि आज देश में बिजली उत्पादन और कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत स्थिति है और बिजली कटौती अनुपलब्धता की वजह से नहीं, बल्कि किसी स्थानीय कारण की वजह से होती है। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा के जगदंबिका पाल ने कहा कि दुनिया में बढ़ते कार्बन उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन पर चिंता के कारण यह विधेयक लाया गया है जो अन्य देशों की तुलना में अच्छी पहल है।




# लंपी फॉक्स का कहर जारी

## ● दवाइयों का अभाव, कम स्टॉफ और बारीश के कारण बढ़ रही मृत्यु दर
## ● गौसेवक व समाज सेवी जुटे है सेवा में, जल्द मिलेगी दवाओं की खेप

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** लम्पि फॉक्स का कहर इस कदर बढ़ गया है कि आम पशुपालन जहाँ भयभीत है वंही गायों के मरने का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को अकेले डीडवाना क्षेत्र में पचास से ज्यादा गायों के मरने की खबर आई है जो वाकई एक चिंताजनक आंकड़ा है। रही कसर प्रशासनिक स्तर पर हो रही लीपापोती ने करदी है, आपको जानकर हैरानी होगी कि इतनी बड़ी महामारी के बावजूद स्थानीय प्रशासन पशु चिकित्सालय को अपेक्षा के अनुरूप संसाधन और दवाइयां उपलब्ध करवाने में नाकाम है हालांकि एक समाज सेवी पार्षद नितेश बाजारी लगातार दवाइयां उपलब्ध करवा रहे है लेकिन वे पशुओं की तादात के अनुशार ऊंट के मुंह मे जीरा समान है। शुक्रवार प्रात: 11 बजे सूचना मिली कि स्थानीय गोपाल गौशाला में पशुओं की स्थिति चिंता जनक बनती जा रही है, जिस पर मीडिया कर्मी जब वहां मौके पर पहुंचे तो पाया कि दर्जनों गायें इस वायरस की चपेट में आ चुकी है। वंही एक साँड और एक गाय की मृत्यु हो चुकी है। मौके पर गौशाला टीम और शहर के कई गौसेवक गायों की सेवा करते नजर आए। वंही राजकीय पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह काला वैक्सीनेशन व उपचार करते नजर आए।

गौशाला समिति के एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ ने बताया कि हम पूर्ण सावधानी बरत रहे है बीमार और चपेट में आई गायों के लिये एलग व्यवस्था करदी है बावजूद इसके संक्रमण फैलता जा रहा है, आज टीकाकरण के साथ गायों को नहलाना व परिसर में दवाई में छिड़काव करवाया है ।

**क्या कहा डॉ. काला ने**–मौके पर मौजूद डॉ महेंद्र सिंह काला ने मीडिया को बताया कि यह एक वायरस है जो मक्खी और मच्छर से एक पशु से दूसरे को काटने से भी फेल रहा है, हम वैक्सीन के साथ साथ अन्य उपचार भी कर रहे है पर हमें अपेक्षा कृत सफलता नही मिल रही है, डॉ काला ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर दवाई की डिमांड की है फिलहाल एक समाज सेवी द्वारा दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है जो पशुओं की संख्या के मुकाबले कम है। उन्होंने कहा मरने वाली गौवंश में आवारा, बच्छ्ड़े और कमजोर गायों की संख्या ज्यादा है एक पूछे गए स्वालबके जवाब में डॉ काला ने कहा कि यह वायरस गायों को ज्यादा प्रभावित कर रहा है आज दिन तक अन्य किसी पशु की सूचना नही मिली है । डॉ काला ने पशुपालकों से आह्वान किया है कि अपने पशुओं की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे साथ ही लक्षण नजर आते ही तुरन्त चिकित्सक से संपर्क करें।



**एसडीएम मीणा ने कुछ भी बोलने से किया इनकार**–इस पूरे प्रकरण पर उपखण्ड अधिकारी कार्तिकेय मीणा ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया जिसके बाद मीडिया ने अधिशाषी अधिकारी प्रियंका बुडानिया से बात की तो उन्होंने दवाइयों की कमी स्वीकारते हुई कहा कि हम पूरी शिद्दत और विवेक से गायों की जान बचाने में जुटे हुए है ईश्वर से प्रार्थना है जल्द ही सब अच्छा होगा। बहरहाल एक चिकित्सक और नाममात्र के स्टाफ के साथ गिने–चुने गौ सेवकों के भरोसे ही पूरा शहर है कुछ गौसेवक दिन रात लगे है बावजूद इसके अपेक्षाओं के अनुकूल परिणाम नही मिल रहा ।

## लंम्पी बीमारी से ग्रसित गौवंश के उपचार के लिए विधायक इंदिरा देवी बावरी आई आगे

### विधायक कोष से 10 लाख देने की घोषणा

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लंम्पी बीमारी से ग्रसित गोवंश के उपचार तथा दवाइयां व वैक्सीन के लिए मेड़ता की विधायक इंदिरा देवी बावरी ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाएं है। विधायक इंदिरा देवी बावरी ने अपने विधायकों से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है ।विधायक इंदिरा देवी बावरी ने बताया कि प्रदेश में लगातार लंम्पी संक्रमण से गोवंश की मौत हो रही है। ऐसे में गौमाता को बचाने के लिए उनके द्वारा उनके विधायकों से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। विधायक इंदिरा देवी बावरी ने बताया कि संक्रमण से गोवंश की मौत हो रही है। ऐसे में गौमाता को बचाने के लिए उनके द्वारा उनके विधायक कोष से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। इस राशि से विधानसभा क्षेत्र मेड़ता में लंम्पी बीमारी से ग्रसित गोवंश के उपचार तथा दवाइयां व वैक्सीन क्रय की जायेगी। विधायक इंदिरा देवी बावरी ने आश्वस्त किया कि गौमाता को बचाने के लिए और भी सहयोग राशि की आवश्यकता पड़ेगी तो वह पीछे नहीं हटेगी । इस मौके पर विधायक इंदिरा देवी बावरी में भामाशाह व समाजसेवी संस्थाओं से भी अपील की है कि वह भीआगे आए। इसके साथ ही संक्रमित गोवंश के लिए दवाई व वैक्सीन की व्यवस्था करें ताकि गौमाता को बचाया जा सके। उन्होंने इस मौके पर राज्य सरकार से भी अपील की है कि राज्य सरकार भी गौशालाओं को अतिरिक्त अनुदान दे द्य इसके साथ ही पशु चिकित्सकों के अतिरिक्त टीम का गठन करें ताकि जल्द से जल्द पशुओं को वैक्सीन लगाई जा सके।

## हर घर तिरंगा अभियान में मूंडवा में 3 हजार घरों पर लहरायेगा तिरंगा

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 13 से 15 अगस्त तक मूंडवा नगर पालिका क्षेत्र के तीन हजार घरों पर तिरंगा लहराएगा। अधिशाषी अधिकारी पिंटुलाल जाट ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। इन कार्यक्रम आयोजन की श्रृंखला में प्रदेश के हर घर तिरंगा झंडा का आयोजन होगा। इसी क्रम में मूंडवा नगर पालिका क्षेत्र में भी प्रत्येक घर पर तिरंगा पहरे इसके लिए कार्ययोजना बना ली गई है। पालिका के प्रत्येक कर्मचारी को न्यूनत्तम 50 घरों की जिम्मेवारी दी गई है। वो अपने क्षेत्र के 50 घरों में जाकर तिरंगा देंगे।

**21 रुपये 50 पैसा होगा झंडे का शुल्क**–अधिशाषी अधिकारी पिंटुलाल जाट ने बताया यह झंडे आगे से आयेंगे। नगर पालिका द्वारा इन झंडों का वितरण किया जाएगा। पालिका में प्रत्येक झंडे का शुल्क 21 रुपये 50 पैसे लिया जाएगा। यह शुल्क सरकार द्वारा ही तय किया गया है। मूंडवा नगर पालिका के सभी कर्मचारियों को झंडे वितरण के लिए निर्देशित किया जा चुका है। पालिका को झंडे मिलते ही इनका सशुल्क वितरण प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

## ब्लॉड बैको में रक्त संग्रहण क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर महेन्द्र गालवा ने कलक्टर से की भेंट



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर, कुचामन व डीडवाना की ब्लॉड बैकों में रक्त संग्रहण करने की क्षमता बढाने व उचित देखभाल के लिए कर्मचारियों को निर्देशित करने की मांग को लेकर जिलेभर में यूथ आईकॉन व रक्तवीर के नाम से ख्यातिनाम महेन्द्र गालवा ने शुक्रवार को जिला कलक्टर से भेंट की। उन्होंने कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वे यूथ एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी कुचामनसिटी के संचालक है तथा विगत 9 वर्षो से 60 से अधिक रक्तदान शिविरो में अपनी सहभागिता दर्ज करवा कर लगभग 20 हजार यूनिट रक्तदान करवा चुके हैं। गालवा ने बताया कि वे स्वयं 33 बार रक्तदान कर चुके हैं तथा नागौर के अलावा जयपुर, जोधपुर, अजमेर व उदयपुर सहित राजस्थान के विभिन्न शहरों में जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाने के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं। इन आयोजित शिविरों में 1108 यूनिट रक्तदान का एक रिकॉर्ड भी है, जिसके लिये गणतन्त्र दिवस 2018 के आयोजन पर जिला प्रशासन नागौर व उपखण्ड स्तर पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। गालवा ने निवेदन किया कि नागौर, कुचामनसिटीव डीडवाना की ब्लॉड बैकों में रक्त संग्रहण करने की क्षमता का बढ़वाया जाए।

## मोहर्रम व रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर सीएलजी की बैठक सम्पन्न



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू पुलिस थाना परिसर में मोहर्रम और रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर सीएलजी की बैठक रखी गयी। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहा, उपखंड अधिकारी सुनील कुमार, वृताधिकारी रामेश्वरलाल कडेला, थानाधिकारी राजकुमार बिड़ला ने सीएलजी सदस्यों के साथ त्योहारों को लेकर वार्तालाप की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा ने बताया कि आगामी मोहर्रम और रक्षाबंधन के त्यौहार आ रहे है वो शान्तिपूर्वक तरीके से मनाये। मोहर्रम के मौके पर किसी तरह की आतिशबाजी नहीं करें, त्योहारों को प्रेम भाईचारे के साथ मनाया जाए। त्योहारों के मौके सीएलजी सदस्य पुलिस का सहयोग करें। किसी भी तरह की घटना की जानकारी तुरन्त पुलिस को दें, जिससे पुलिस मौके पर पहुंच सके।

## ब्लॉड बैंक में ब्लॉड की कमी को देखते हुए रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन शहर में स्थित श्याम ब्लॉड बैंक में ब्लॉड की कमी को देखते हुए अनेक रक्तदाता आगे आए तथा रक्तदान किया। श्रीपालसिंह रसाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉड की कमी को देखते हुए रामावतार सैनी कुचामन, शुखदेव ढाका धोलिया, दिनेश रणवा आनंदपुरा, रिछपाल मुंड इंदोखा, किरण जांगिड़ जसराना, मुकेश त्रिसिंगिया, अजय सिंह हरियाजुन, योगेंद्र सिंह रूपपुरा, गजराज सिंह जायल, नरवीर सिंह खोजास, सलमान परबतसर, शौकत मकराना, सुरेश पिपला का बास इन सभी ने ब्लॉड बैंक में ब्लड की कमी को देखते हुए स्वैच्छिक रक्त दान किया। गजराज सिंह ने बताया कि रक्त दान करना पुण्य का काम हैं तथा रक्त दान सबसे बड़ा दान हैं इस दान में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। रामावतार ने कहा कि आपकी एक कोशिश किसी को जीवन दान दे सकती हैं और यह भी बताया कि रक्तदान देना स्वास्थ्य के लिया लाभदायक होता है।

## मेड़तासिटी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महंगाई को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

### कांग्रेस ने सड़कों पर उतर कर केंद्र सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** देश में बढ़ती महंगाई को लेकर आज देश व्यापी आह्वान पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस की कीमतों को लेकर यहां पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा ने बताया कि पिछले 8 सालों में महंगाई दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ी है। वहीं पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने केंद्र की मोदी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के राज में आम जनता त्रस्त है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नंद कुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन रुस्तम अली प्रिंस, नंदाराम मेहरियां, मच्छराज सिखवाल, मोहन लाला भाटी, लालाराम नायक, माणक सेन, चिमन वाल्मीकि, अमजद खान, जाकिर सांखला, ओम प्रकाश गहलोत, जुबेर उस्मानी, जीशान अली, अनिल सारस्वत, खुर्शीद गोरी रहमत गोरी परवेज खान एडवोकेट सौरव शर्मा सोनू साकिर मौजूद रहे।

## बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** केंद्र सरकार की ओर से बढ़ती हुई महंगाई के विरुद्ध में मारोठ में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर अपनी सांकेतिक गिरफ्तारी दी। वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता शंभू गौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से लगातार खाद्य उत्पादों पर लगाई गई जीएसटी आम आदमी के हित में नहीं है। युवा कांग्रेस महासचिव निखिल पारीक ने बताया कि अग्निपथ योजना से युवाओं को रोजगार नहीं बल्कि बेरोजगारी मिलेगी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता चांदमल खींची, सुभाष किलडोलिया, उपसरपंच रंगलाल गुर्जर, युवा नेता मेघराज गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र बाबेल, सुवाराम सुकरिया, आलोक पारीक, रामपाल मेघवाल, गोविंद काला, इस्माइल देशवाली सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी दी व मौजूद रहे।

## बड़ी खाटू मे ग्राम न्यायालय कोर्ट शिविर आयोजित

पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के राजीव सेवा केन्द्र में ग्राम न्यायालय कोर्ट शिविर आयोजित हुआ। इस मौके पर लोक अदालत की जानकारी लोगों को दी गई ।बताया गया कि आप आपसी समझौते से मामलो का निस्तारण करवा सकते हैं चैक अनादरण, बिजली बिल, बैंक लोन, कोर्ट मुकदमों में राजीनामे करवा सकते हैं जो कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 13.08.2022को सिविल न्यायालय में आयोजित की जाएगी।

जिसमें न्यायधिकारी शैलेन्द्रराज गौस्वामी ने पक्षकरान के बयान लिये मुकदमों में राजीनामा करवाये, सस्ता शुलभ न्याय के श्रेणी में असहाय लोगों को लाभ मिला।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ संस्कार रैली का आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के 75वें हीरक जयंती वर्ष को पूरे देश की तरह लायंस क्लब कुचामनसिटी एवं गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति कुचामनसिटी के संयुक्त तत्वावधान में अमृत महोत्सव के रूप में गर्व के साथ 15 दिवसीय देशभक्ति से औतप्रौत विभिन्न कार्यक्रम समारोह पूर्वक मना रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पंचम दिवस पर नवोदय विद्यालय के छात्र–छात्राओं की एक विशाल संस्कार रैली का नवोदय परिसर में आयोजन किया गया। इस संस्कार रैली का शुभारंभ गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्यामसुंदर मंत्री, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सोमवीर पुनिया, लायंस क्लब के संभागीय अध्यक्ष लायन श्याम सुंदर सैनी, क्लब सचिव लायन मनोज अग्रवाल आदि ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली कन्या बचाओ– कन्या पढ़ाओ के संदेशो के साथ परिसर का भ्रमण करते हुए सभागार में पहुंची। रैली के दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राएं राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत नारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति मय हो गया था।




# राखी से पहले बुझा घर का इकलौता चिराग

## मदद को आगे आए गांव वाले, जुटाए 11 लाख

## पांच कुंवारी बहनों व बूढ़े माता-पिता का एकमात्र सहारा भी छीना

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** जरा सोचिए, जिन बूढ़े माता पिता एवं पांच कुंवारी बहनों का इकलौता भाई यदि जवानी में चला जाए और उसके अलावा परिवार में कोई सहारा न रहे, तो उस परिवार पर क्या बीत रही होगी। एक ऐसा ही दर्दनाक वाकया निकटवर्ती गांव घाणा में सामने आया, जब गांव के रहने वाले गरीब परिवार के इकलौते बेटे पुनाराम ने दो जून की रोटी के जुगाड़ में अपनी जान गंवा दी। मृतक पुनाराम मेघवाल (25) पुत्र मनोहर कर्नाटक के प्रेमनगर में एक ग्रेनाइट फैक्ट्री में मजदूरी कर रहा था।

अचानक ग्रेनाइट की पट्टी गिरने से उसके दर्दनाक मौत हो गई। पाँच कुंवारी बहनों में पुनाराम तीसरे नंबर पर था। परिवार में कमाने वाला वह एकमात्र सहारा था। पुनाराम की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची तो हर किसी की आंख नम हो गई। ऐसी स्थिति में गांव वालों ने हिम्मत दिखाई। पंचायत समिति सदस्य एवं उद्योगपति सुखराम धूण की अगुवाई में प्रवासियों एवं ग्रामीणों ने परिवार की माली हालत को देखते हुए करीब 11 लाख रुपए की राशि जुटाई हैं।

### दस दिन पहले ही गया था

युवक पुनाराम 10 दिन पहले ही कर्नाटक गया था। यहां से जाने के 3 दिन बाद भी इस फैक्ट्री में शिफ्ट हुआ था। काम करते समय ग्रेनाइट की पट्टी उस पर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गमगीन माहौल के बीच उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### 6 महीनें बाद घर में गूंजने वाली थी शहनाई


परिवार में 6 महीने बाद ही शादी विवाह के संबंध में बात चल रही थी। मगर होनी को कुछ और ही मंजूर था। पाँचो बहिनें सुमन, पूजा, सुमित्रा, गुजरी एवं मनीषा को इस बार भाई का राखी पर इंतजार था।

### विलाप करते बूढ़े माँ-बाप एवं बहिनें...पसीजा कलेजा-

पुनाराम का शव जैसे ही पैतृक घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। विलाप करते बूढ़े माँ-बाप एवं पाँचो बहिनों को देखकर हर किसी का कलेजा पसीज गया। गांव में लोगों ने चूल्हे तक नहीं जलाएं।

### प्रशासन ने नही दिखाई दरियादिली

पूरे घटनाक्रम को लेकर लोगों में पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति हैं। वही दूसरी और उपखण्ड प्रशासन ने सहमे परिवार को लेकर दरियादिली नही दिखाई। पीड़ित परिवार को अभी तक किसी सरकारी सहायता की पेशकश नहीं की गई हैं।



कर्नाटक में हुए हादसे में मृतक पुनाराम।

### इनका कहना है-

'इस परिवार का अब गांव वाले ही सहारा है। मुश्किल घड़ी में प्रवासी भामाशाह, मार्बल व्यवसायियों, ग्रामीणों एवं सोशल मीडिया का आर्थिक मदद में अहम योगदान रहा। भविष्य में परिवार को जो भी जरूरत होगी तो गांव वाले तैयार रहेंगे। परिवार अकेला नहीं है।'

**सुखराम धूण**
**स्थानीय निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य**

# बढ़ती मंहगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी सामुहिक गिरफ्तारी

## नावां कुचामन के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी का जिम्मेदार ठहराया केन्द्र की एनडीए सरकार को



सहदेव चौधरी

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** उपखण्ड कार्यालय के सामने नावां-कुचामन के ब्लॉक कांग्रेसजन ने शुक्रवार प्रात: 10:30 बजे उपखण्ड अधिकारी ब्रह्म लाल जाट को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा एवं अपनी सामुहिक गिरफ्तारी दी। ज्ञापन सौंपने से पहले मनोनीत पार्षद कुचामनसिटी सुरेश खींची ने केंद्र की एनडीए सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जीएसटी के नाम पर मोदी सरकार ने आटा, शहद, घी आदि रोजमर्रा के खाद्यान्न के साथ-साथ बच्चों की पेन पेंसिल और किताबों तक को नहीं बख्शा है। आज गरीब ही नहीं मध्यमवर्ग के सामने भी अपने बच्चों का पेट पालना दुभर हो गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष माधव प्रसाद धूत ने अग्नि वीर योजना को देश के युवाओं के साथ छलावा बताते हुए एनडीए सरकार को युवाओं के साथ षड़यंत्रकारी योजना रचने वाली सरकार बताया और युवाओं से आह्वान किया कि किसान विरोधी, युवा विरोधी एवं देश को निजी हाथों में सौंपने वाली सरकार को वोट की चोट से गिराना है। मनोनीत पार्षद भंवर अली खान ने भी केन्द्र सरकार को आमजनता को बेरोजगारी के दलदल में धकेलने वाली तथा विश्वपटल में भारत की छवि धुमिल करने वाली सरकार ठहराया।

### पुलिस जाप्ता रहा तैनात

उपखण्ड कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जमा होते ही नावां सिटी पुलिस निरीक्षक धर्मेश दायमा के नेतृत्व में एवं मारोठ पुलिस उप निरीक्षक खेताराम के साथ साथ नावां एवं मारोठ पुलिस ने उपखण्ड कार्यालय का मुख्य द्वार बन्द कर तैनात रहे।इस पर शान्ति पूर्ण तरीके से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को सौंपा एवं अपनी गिरफ्तारी दी।

### इन्होंने दी अपनी सामुहिक गिरफ्तारी

ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष शेरखान, जिला उपाध्यक्ष माधव प्रसाद धूत, नगर अध्यक्ष कुचामन सुतेन्द्र सारस्वत, नगर अध्यक्ष नावां बाबूलाल बजाज, जिला महासचिव सेवादल महेन्द्र पारीक, भंवर अली खान, नटवर शर्मा, शौकत खान,नमक उत्पादक अध्यक्ष (खाखड़की) सत्यनारायण खुरडिया, रविन्द्र जैवलिया, भंवर मुरावतिया, सहदेव चौधरी, रामेश्वर कारवाल, श्रवण गुर्जर, प्रवीण पाराशर, पंकज चौधरी, पुरुषोत्तम लाटा, श्याम खैरवा पूर्व सरपंच गोविन्दी, सुरेश खींची, प्रभू राम रणवा, मालचन्द रेगर, चेतन वाल्मीकि, इमामुद्दीन सदर, अशोक मलिन्दा, तारा चन्द कुमावत, भोमा राम कुमावत, ताराचंद माली, गोवर्धनलाल गुजराती महेश मीण्डा, हेमराज गुर्जर के साथ साथ सैकड़ों ने अपनी गिरफ्तारी दी।

# सोशल ऑडिट ग्राम संसाधन व्यक्तियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** मनरेगा जिला परिषद ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ जिला नागौर व सोशल ऑडिट जयपुर के तत्वधान में दो दिवसीय सामाजिक अंकेक्षण ग्राम संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण शिविर स्थानीय पंचायत समिति सभागार में किया आयोजिय किया गया। इस दौरान श्रवण डूडी, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन व बीआरपी सायर मल ने महिला स्वयं सहायता समूह व नेहरू युवा केन्द्र के सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए नरेगा कानून, नरेगा में श्रमिकों का हक एंव योगदान, सामाजिक अंकेक्षण, सोशल ऑडिट क्या है, इसकी कानूनी अनिवार्यता, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिड डे मील, वॉल पेंटिंग सरकारी भवनों पर करवाने, ग्राम सभा में जनसुनवाई एवं सोशल ऑडिट में ग्राम संसाधन व्यक्तियों की भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। लेखा सहायक गोविंद सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत 50-50 व्यक्तियों को 5 से 6 अगस्त तक 2 दिन तक प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें राजीविका से जुड़े स्वयं सहायता समूह महिला एवं नेहरू युवा केंद्र के सदस्य भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के बाद एक बीआरपी व पांच महिला सदस्यों की टीम तय ग्राम पंचायत के सभी गांव में जाकर नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन , प्रधानमंत्री आवास योजना, एमडीएम की धरातल पर स्थिति एंव वास्तविक लाभार्थियों की जांच करेंगे एवं इसकी रिपोर्ट ग्राम सभा में ग्रामीणो के सामने सुनाई जाएगी इसके बाद समस्याओं को संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी सांवरमल शर्मा, गोविंद सिंह लेखा सहायक, शायरमल बीआरपी, माया बिडियासर, सरिता बेरा, श्रवण डूडी आदि उपस्थित रहे।

# लाडनूँ में सीवरेज की कछुआ चाल

## मार्ग पर तीन बड़े अस्पताल, उड़ती धूल, मरीज हलकान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय सड़क मार्ग पर करीब एक माह से कछुआ रफ्तार से चल रहा सीवरेज कार्य आम राहगीरों के साथ वाहन चालकों एंव मरीजों को परेशान कर रहा है। मार्ग पर उड़ती धूल से मरीज हलकान है। लाडनूं बस स्टैंड के गोरव पथ से राजकीय चिकित्सालय के सामने से निम्बी जोधा टंकी तिराहे तक पूरी सड़क को एक साथ तोड़ दिया गया। इसी सड़क मार्ग पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, तहसील का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल, घोड़ावत हॉस्पिटल व गौशाला सहित दर्जनों मेडिकल स्टोर हैं, जहां पर दिन भर सैकड़ों मरीजों व राहगीरों का आवागमन रहता है। इसके अलावा दुर्घटना में गंभीर व घायल मरीजों को एंबुलेंस व निजी वाहन की मदद से लाडनूं के सरकारी अस्पताल लाया जाता है। लेकिन सड़क टूटी होने व कार्य करने के दौरान मार्ग पर गड्ढे व धूल का गुबार रहता है। यहां खोदे हुए गड्ढों को बिना समतलीकरण किए हुए भरने से ऊबड़खाबड़ रास्तों पर अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### बसों का आवागमन हुआ बाधित

लाडनूं शहर में प्रवेश करने वाले अधिकतर सड़क मार्ग सीवरेज कार्य के चलते टूटे पड़े हैं। जिनमें से अस्पताल सड़क मार्ग पूरी तरह आवागमन के लिए बंद पड़े है। ऐसे में विभिन्न शहरों व गांवों से आने वाली बसों के रूट को भी डायवर्ट किया गया है। अधिकांश बसों का रूट गौरव पथ से होकर गुजरने से पथ की हालत दयनीय हो चुकी है। करंट बालाजी सड़क मार्ग छोटे बड़े वाहनों के आने जाने का मार्ग बन चुका है। शहर में आने व निकलने का एक ही मार्ग होने के चलते वाहन चालकों को एक बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

'लाडनूं में आने में जाने वाले सभी सड़कों को तोड़ा जा चुका है। अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण मार्ग भी पिछले 1 माह से कछुआ चाल से काम हो रहा है। इससे हॉस्पिटल आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर हमने नगरपालिका को अवगत भी करवाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।'

*अदरिश खां ( वार्ड पार्षद )*

# झूलोत्सव के तहत निकली प्रभात फेरी



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के निकटवर्ती ग्राम जूसरी स्थित राधा माधव मन्दिर में झूलोत्सव के तहत अनेक धार्मिक आयोजन हो रहे है। श्री राधा माधव सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल काबरा ने बताया की तीन दिवसीय झूला उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जूसरी ग्राम के काबरा परिवार की ओर से प्रतिवर्ष ऐसा आयोजन किया जाता है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से काबरा परिवार के प्रवासी आकर भक्ति में लीन अनेक धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते है। इस दौरान सुबह प्रभात फेरी श्री राधा माधव मन्दिर से भजन कीर्तन करते हुए निकाली गई जो ग्राम के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। इसके पश्चात खांडल भवन में नासिक निवासी सोमेश्वर काबरा द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं सिखाते हुए योग के फायदे बताए। मन्दिर परिसर में भगवान राधा माधव के कुमकुम अर्चना, पुष्प अर्चना के साथ पूजा की गई। इस दौरान महिलाओं ने ठाकुर जी को अनेक भजनों से रिझाया। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल काबरा, सोमेश्वर काबरा, सन्तोष काबरा, महेश काबरा, पुरण मल चोटिया, अरुण काबरा, महेंद्र काबरा, राधेश्याम काबरा, एडवोकेट नितेश काबरा, सीमा काबरा, मंजू काबरा, सचिन सहित प्रवासी मौजूद थे।

# अंबेडकर शिक्षक संघ शाखा डेगाना के चुनाव कल

## कार्यकारिणी का होगा विस्तार

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा डेगाना के अध्यक्ष मदन लाल कटारिया ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर की जिला शाखा नागौर के वार्षिक चुनाव इस बार राजस्थान माध्यमिक विद्यालय डेगाना में कल 7 अगस्त रविवार को संपन्न करवाए जाएंगे। जिलाध्यक्ष भंवरलाल रिया ने कहा कि गत वर्ष कोरोना के कारण चुनाव नहीं हो पाए थे इसलिए इस बार सब ब्लॉक अध्यक्ष और संघ के समस्त सदस्यों के आग्रह पर इस बार जिला कार्यकारिणी के चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। संघ के जिला महामंत्री हीरालाल मोतीपुरा ने चुनाव के दौरान ज्यादा से ज्यादा संघ के सदस्यों को शामिल होने के लिए कहा है ताकि चुनाव में और अधिक सदस्यों का योगदान हो सके। जिला कार्यकारिणी के चुनाव में नागौर जिले के समस्त 14 ब्लॉकों की कार्यकारिणी और जिला कार्यकारिणी के समस्त सदस्य और संघ से जुड़े हुए अन्य शिक्षक भाग लेंगे। जिला कार्यकारिणी के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी धनाराम गौड़ प्रधानाचार्य, और कमल किशोर प्रधानाचार्य चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।

# होटल मैनेजमेंट कॉलेज के तीन छात्रों का विदेश में चयन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के जूसरी रोड स्थित टैगोर डिफेंस कैम्पस में संचालित दी ट्राइडेंट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के तीन छात्रों का कतर की राजधानी दोहा में आयोजित फीफा वर्ल्डकप के लिए एकॉर होटल ग्रुप में चयन हुआ है। संस्थान के निदेशक सागर चौधरी ने बताया कि संस्थान से राहुल गुर्जर, जेठाराम गुलेरिया तथा महावीर जाखड़ का चयन दोहा-कतर की पांच सितारा होटल में हुआ है। संस्थान से अभी तक 32 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। चयनित छात्रों को 43000 मासिक सैलेरी एवं विश्वस्तरीय सुविधायुक्त रहने, खाने-पीने की सुविधा के साथ वीजा टिकट कम्पनी द्वारा दिए जाएंगे।

# जायल मॉडल स्कूल ने राज्य स्तर पर लहराया परचम

## बूंदी में आयोजित राज्य स्तरीय सोशल साइंस प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल ने बूंदी के हिण्डोली में आयोजित राज्य स्तरीय सोशल साइंस प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर परचम लहराया है। मॉडल स्कूल प्रधानाध्यापक भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि हिण्डोली में आयोजित राज्य स्तरीय सोशल साइंस प्रदर्शनी मेले के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया साइंस प्रदर्शनी मेले में राज्य की सभी मॉडल स्कूल के छात्रों में भाग लिया, जिसमें जायल मॉडल स्कूल के छात्र राहुल बेड़ा तथा हंसराज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा टीम प्रभारी ओमेन्द्र कारेल एव विद्यार्थियों को बधाई दी गई। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल उत्कृष्ट शिक्षा परिणाम के साथ साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी अव्वल रह रही है।



# निकाय विभाग के उपनिदेशक ने इंदिरा रसोई का निरीक्षण कर की व्यवस्था की तारीफ



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा नगरपरिषद की सहभागिता से संचालित इंदिरा रसोई कुचामन का स्थानीय निकाय विभाग अजमेर संभाग के उप निदेशक आलोक जैन ने निरीक्षण कर सफाई एवं व्यवस्था की सराहना की तथा उन्होंने आमजन के साथ बैठकर भोजन कर भोजन के गुणवत्ता की भी तारीफ की। रसोई प्रभारी लॉयन रचित नंदवाना एवं नगरपरिषद कुचामन के एसआई शमशेर अली ने आलोक जैन को रसोई का निरीक्षण करवाया। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया इससे पहले भी रीट परीक्षा के दौरान नागौर जिला के तत्कालीन कलेक्टर जितेन्द्र सोनी ने भी रसोई में भोजन कर यहां के भोजन एवं स्वच्छता की सराहना की थी तथा आमजन को यहां पर पूरे मान सम्मान के साथ घर के जैसा शुद्ध भोजन कराया जाता है जिसकी वजह से स्वायत्त शासन विभाग द्वारा इंदिरा रसोई कुचामन को अजमेर संभाग स्तर पर प्रथम रेंक से सम्मानित किया गया था। लॉयन रचित नंदवाना ने बताया रसोई की स्वच्छता के साथ भोजन की शुद्धता एवं पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए यहां पर आमजन को 8 रुपये में एवं समय समय पर भामाशाहों के सहयोग से नि:शुल्क भोजन कराया जा रहा है।

# हर घर तिरंगा अभियान का आगाज

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह व मण्डल अध्यक्ष मुरलीधर सोनी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज हुआ। गजेंद्र सिंह ने कहा कि इस देश की आजादी के खातिर कई देश वासियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया, बहुत से वीर सीमाओ की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर चुके है तथा बहुत से वीर दिन रात इस देश की सुरक्षा में लगें हुए है। आजादी के75 वे वर्षगाँठ के उपलक्ष मे देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, जिसके तहत देश के प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान का आहवान किया है। देश वासियों का कर्तव्य बनता है कि हम सब 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घर पर तिरंगा लगाकर देश के वीर जवानों के प्रति आभार करे।

मुरलीधर सोनी ने बताया की भाजपा आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के तहत मण्डल स्तर पर अनेकों कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिसमें विशाल तिरंगा रैली हर घर तिरंगा व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण जैसे कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा साथ ही भारतीय जनता पार्टी एक सशक्त समृद्ध एवं स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com